**बिहार सरकार,**

**सामान्य प्रशासन विभाग**

**।। अधिसूचना ।।**

पटना–15, दिनांक 22-2-2022

सं0–3/एच0–01/2019सा0प्र0–2433/ भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा उत्तर प्रदेश विधान सभा सामान्य निर्वाचन, 2022 के अवसर पर सात चरणों में मतदान क्रमशः दिनांक–10.02.2022, 14.02.2022, 20.02.2022, 23.02.2022, 27.02.2022, 03.03.2022 एवं 07.03.2022 को निर्धारित की गई है।

2. निर्वाचन विभाग, बिहार, पटना के पत्र संख्या–577 दिनांक–14.02.2022 द्वारा उत्तर प्रदेश विधान सभा के लिए दिनांक–03.03.2022 एवं 07.03.2022 को निर्धारित छठे एवं सातवें चरण के मतदान की तिथि को बिहार की सीमा क्षेत्र अंतर्गत उत्तर प्रदेश विधान सभा क्षेत्र के कार्मिक, जो बिहार राज्य में कार्यरत हैं को सवैतनिक अवकाश घोषित किये जाने का अनुरोध किया गया है।

3. अतः लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा–135 'ख' में निहित प्रावधानों के आलोक में उत्तर प्रदेश विधान सभा क्षेत्र के छठे एवं सातवें चरण के लिए दिनांक–03.03.2022 (गुरूवार) एवं दिनांक–07.03.2022 (सोमवार) को निर्धारित मतदान हेतु बिहार की सीमा क्षेत्र अन्तर्गत उत्तर प्रदेश विधान सभा क्षेत्र के कार्मिकों, जो बिहार राज्य में कार्यरत हैं, के लिए सवैतनिक अवकाश घोषित किया जाता है।

4. उपर्युक्त दिनांक–03.03.2022 (गुरूवार) एवं दिनांक–07.03.2022 (सोमवार) को निर्धारित मतदान के लिए सवैतनिक सार्वजनिक अवकाश मात्र संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों के लिए ही रहेगा।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

(गुफरान अहमद)

सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–3/एच०–01/2019सा०प्र० 2433/पटना–15, दिनांक 22-2-2022

प्रतिलिपि :– वित्त विभाग (ई–गजट कोषांग), बिहार, पटना को बिहार राजपत्र के असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–3/एच०–01/2019सा०प्र० 2433/पटना–15, दिनांक 22-2-2022

प्रतिलिपि :– संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, निर्वाचन विभाग, बिहार, पटना को उनके पत्र संख्या–ई–01–01/2022–577 दिनांक–14.02.2022 के संदर्भ में सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–3/एच०–01/2019सा०प्र०......2433....../पटना–15, दिनांक......22-2-.....2022

प्रतिलिपि– सरकार के सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/प्रधान सचिव, राज्यपाल सचिवालय/ सदस्य राजस्व पर्षद्, बिहार, पटना/सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी जिलाधिकारी/ महानिबंधक, पटना उच्च न्यायालय, पटना/सचिव, बिहार विधान सभा/सचिव, बिहार विधान परिषद्/लोकायुक्त का कार्यालय/सचिव, बिहार लोक सेवा आयोग, पटना/सचिव, बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना/सचिव, तकनीकी सेवा आयोग/मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, पटना/ महालेखाकार, बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना/सचिव, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली/सचिव, कार्मिक लोक–शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली/स्थानिक आयुक्त, बिहार भवन, नई दिल्ली/सभी राज्यों के मुख्य सचिव/सभी केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव/मुख्य आयकर आयुक्त/केन्द्रीय उत्पाद बिहार, पटना/सभी राष्ट्रीय बैंकों के पटना स्थित कार्यालय के महाप्रबंधक/उप प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, महेन्द्रू घाट, पटना/भारतीय रिजर्व बैंक, पटना/आकाशवाणी, पटना,/दूरदर्शन, पटना/भारतीय जीवन बीमा निगम, पटना/जेनरल इंश्योरेंश कंपनी, पटना/स्टेशन प्रबंधक, रेलवे जंक्शन, पटना/भारत मौसम विज्ञान विभाग, खगोल विज्ञान केन्द्र, सी–546, ब्लॉक–एन, न्यू अलीपुर, कोलकाता–700053/महानिदेशक (प्रशिक्षण), प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान, वाल्मी, पटना/राज्य अभिलेखागार, बेली रोड, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

सरकार के उप सचिव।